



# बढ़ता डीग-कुम्हेर भाजपा के साथ

2 साल

नव उत्थान - नई पहचान

बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

## विश्वास, सुशासन और विकास के 2 वर्ष





**डॉ. शैलेश दिगम्बर सिंह**

विधायक - डीग कुम्हेर विधानसभा

# परिचय

सार्वजनिक जीवन में 16 वर्षों के अनुभव के साथ डॉ. शैलेश सिंह ने अपने पिता स्व. डॉ. दिगम्बर सिंह जी के साथ डीग कुम्हेर सहित पूरे भरतपुर जिले के लोगों की सेवा की है। डीग कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह पेशे से डॉक्टर हैं। उन्होंने महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज, नवी मुम्बई से वर्ष 2006 में एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई पूर्ण की है।

डॉ. शैलेश सिंह 17 दिसम्बर 2019 से 17 जनवरी 2023 तक भारतीय जनता पार्टी, भरतपुर के जिलाध्यक्ष रहे। अपने कार्यकाल में उन्होंने भरतपुर जिले में भाजपा को सशक्त बनाने हेतु अथक प्रयास किए, जिसका परिणाम यह हुआ कि भरतपुर जिले की 7 विधानसभा सीटें, जिसमें एक भी विधायक भाजपा का नहीं था, विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने वहां पर 5 सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

डॉ. शैलेश सिंह ने विधानसभा चुनाव 2023 में तीन बार के सांसद, दो बार के विधायक, तत्कालीन राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री, पूर्व भरतपुर राज परिवार के सदस्य विश्वेन्द्र सिंह को 7895 वोटों से हराकर इतिहास रचा। अपने जिलाध्यक्ष कार्यकाल के दौरान उन्होंने कांग्रेस सरकार और पार्टी की नाकामियों, भरतपुर जिले की समस्याओं, विकास में भेदभाव जैसे मुद्दों पर जनता को जागरूक करने एवं भाजपा के संगठनात्मक क्रिया कलापों से जनता को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

डॉ. शैलेश सिंह ने भाजपा राजस्थान के अभियान 'जन आक्रोश यात्रा' को भरतपुर जिले की सभी विधानसभाओं में सफल बनाया, जिससे बड़ी संख्या में लोग भाजपा से जुड़े और अभियान को ऐतिहासिक जन समर्थन प्राप्त हुआ। भाजपा के "नहीं सहेगा राजस्थान" अभियान के दौरान भी डॉ. सिंह ने इसे जमीनी स्तर और सोशल मीडिया पर सक्रियता से संचालित किया।











300 करोड़ रुपये की लागत से पूँछरी का लौठा एवं गोवर्धन परिक्रमा विकास परियोजना का शिलान्यास

**माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी**

द्वारा किया गया

## कृषि एवं उद्यानिकी विभाग

- कृषकों के खेतों पर 27 सोलर पम्प संयंत्रों की स्थापना करवायी गयी।
- वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 29.37 हैक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर संयंत्रों तथा 46 हैक्टेयर क्षेत्र में फव्वारा संयंत्रों की स्थापना की गयी।
- 6.59 हैक्टेयर में फलों के बगीचों की स्थापना की गयी।
- 8 हजार वर्गमीटर में ग्रीन हाउस का निर्माण किया गया।
- 20,311 फसल बीज व चारा मिनिकिट निःशुल्क उपलब्ध करवाये गये।
- वर्षा जल के संग्रहण हेतु 5 तलाईयों (फ़ार्म पोंड) का निर्माण कराया गया।
- कुओं से खेत तक होने वाले जल के अपव्यय को बचाने के लिए 102 किलोमीटर सिंचाई पाईप लाईन स्थापित की गई।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत 4.20 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम का वितरण 30,125 फसल बीमा पॉलिसी धारक किसानों को किया गया।
- जानवरों से फसलों के नुकसान को रोकने के लिए कृषकों के खेतों पर 14,246 मीटर की तारबंदी करवायी गयी, इस हेतु कृषकों को 14.94 लाख रुपये का अनुदान उपलब्ध करवाया गया।
- मृदा में पोषण तत्व की उपलब्धता एवं मृदा स्वास्थ्य की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु किसानों को 4,502 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।
- 23 पीएम किसान समृद्धि केन्द्र स्थापित किए गए।
- कृषकों के खेतों पर 170 वर्मीकम्पोस्ट इकाईयां स्थापित की गई।





# सहकारिता विभाग

- डीग में क्रय-विक्रय सहकारी संघों (KVSS) की स्थापना हेतु प्रशासनिक स्वीकृति जारी।
- श्रीअन्न के उत्पाद आमजन को आसानी से उपलब्ध करवाने एवं प्रचलन में लाने हेतु 1 मिलेट्स उत्पाद आउटलेट खोला गया।
- पैक्स विहीन ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर GSS स्थापित किए जाने हेतु मापदण्डों में आवश्यकता अनुसार
- शिथिलन (Relaxation) के आदेश जारी, 2 जीएसएस स्वीकृत।
- केन्द्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से 11,569 किसानों को 17,629.75 लाख रुपये का अल्पकालीन फसली ऋण उपलब्ध करवाया गया।
- गोपालन क्रेडिट कार्ड योजनान्तर्गत 02 किसानों को 1.50 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध करवाया गया।
- 04 कस्टम हायरिंग केन्द्र / कृषि यंत्र किराया केन्द्रों की स्थापना की गई।
- 4 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 100 मीट्रिक टन क्षमता के नये गोदामों की स्वीकृति प्रदान की गयी।
- सहकार सदस्यता अभियान के अन्तर्गत कुल 2,497 लाभार्थियों को सदस्यता दी गयी।





## पशुपालन विभाग

- खुरपका–मुंहपका रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कुल 3.72 लाख गोवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुओं का अभियान चलाकर निःशुल्क टीकाकरण करवाया गया।
- डेयरी एवं पशुपालन गतिविधियों के लिए जिले में कुल 1,920 पशुपालकों के किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) बनाए गए।

## ऊर्जा विभाग

- 33/11 केवी का 1 सब–स्टेशन स्थापित।
- 4,642 परिवारों को घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी।
- 631 किसानों को कृषि कनेक्शन जारी।
- किसानों को बिजली के बिलों में 11080.13 लाख रुपये का अनुदान दिया गया।
- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 0.339 मेगावाट क्षमता के सोलर संयंत्र स्थापित।
- वर्तमान सरकार के कार्यकाल में जिले में कुसुम–सी के अंतर्गत 16.09 MW सौर ऊर्जा क्षमता के संयंत्रों की स्थापना हेतु कार्यादेश जारी।

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग

- रसोई गैस सिलिंडर सब्सिडी योजनांतर्गत 32,383 लाभार्थी परिवारों को 2.56 करोड़ रुपये की सब्सिडी उपलब्ध कराई गई।
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना) योजनांतर्गत 46,722 परिवारों को लाभान्वित कर 2.47 लाख क्विंटल गेहूँ वितरित किया गया।
- खाद्य सुरक्षा सूची से गिव अप अभियान के अंतर्गत 20,909 अपात्र लाभार्थियों को हटाकर 37,046 नवीन लाभार्थी जोड़े गए।



## गोपालन विभाग

- नवीन गौशाला का पंजीकरण किया गया।
- गौशालाओं में संधारित गौवंश के लिए कुल 5 करोड़ 94 लाख 95 हजार 460 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध करवाई गई।

## उच्च शिक्षा विभाग

- कुम्हेर में नवीन महाविद्यालय खोलने की स्वीकृति जारी।
- डीग में नवीन पॉलीटेक्निक कॉलेज खोले जाने की स्वीकृति प्राप्त।
- उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 1,101 विद्यार्थियों के खातों में कुल 55.05 लाख रुपये की छात्रवृत्ति हस्तांतरित





## गृह विभाग


- डीग के उप कारागृह का जिला कारागृह में क्रमोन्नयन किया गया।
- डीग में नवीन साइबर पुलिस थाना खोला गया।


## उद्योग विभाग

- राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 अन्तर्गत 8 इकाइयों को देय विभिन्न परिलाभ हेतु पात्रता प्रमाण पत्र जारी किये गये।
- पीएम विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत 4,253 रुपये अतिरिक्त ब्याज अनुदान जारी किया गया।
- पीएमईजीपी योजना अन्तर्गत 13 आवेदकों को 139 लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया।
- मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजनान्तर्गत 4 आवेदकों को 27.50 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया।

## श्रम विभाग

- 1,145 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया गया।
- पंजीकृत निर्माण श्रमिकों हेतु निर्माण श्रमिक शिक्षा व कौशल विकास योजना में 4,961 लाभार्थियों को 508 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की गई।
- निर्माण श्रमिक प्रसूति सहायता योजना में 42 लाभार्थियों को 2.10 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की गई।
- हिताधिकारी की सामान्य अथवा दुर्घटना में मृत्यु या घायल होने की दशा में सहायता योजना में 20 लाभार्थियों को 49 लाख रुपये सहायता राशि वितरित की गई।
- निर्माण श्रमिक औज़ार/टूल किट सहायता योजना में 127 लाभार्थियों को 2.53 लाख रुपये सहायता राशि वितरित की गई।





# स्वायत्त शासन विभाग

- एलएसजी पैकेज वर्ष 2023–24 में स्वीकृत नगरपालिका, कुम्हेर व नगर परिषद, डीग में लगभग 1200 लाख रूपये की नगरीय निकाय सड़कों का निर्माण कार्य कराया गया।
- एलएसजी पैकेज वर्ष 2024–25 में स्वीकृत नगरपालिका, कुम्हेर व नगर परिषद, डीग में लगभग 300 लाख रूपये की नगरीय निकाय सड़कों का निर्माण कार्य कराया गया।
- कुम्हेर कस्बे में ₹1.49 करोड़ की लागत से कुम्हेर–डीग सड़क पर चौड़ाईकरण हेतु इंटरलॉकिंग टाईल्स निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।
- नगरपालिका कुम्हेर परिसर में 30 लाख रूपये की लागत से अतिरिक्त भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर।
- Waste Re-use और Recycle Concepts को प्रदर्शित करने, Circular Economy के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला मुख्यालय पर Waste to Wealth Park (Circularity Park) स्थापित करने हेतु स्वीकृति, कार्यादेश जारी कर दिये गये हैं।
- कुम्हेर नगरीय निकाय के जल भराव क्षेत्रों में drainage एवं grey water treatment का कार्य करने की निविदा जारी।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) योजना के अंतर्गत 207 लाभार्थियों को 265.90 लाख रुपये की केंद्रीय अनुदान राशि जारी की गई। गरीब एवं आवासहीन लोगों के लिए 136 नवीन आवास स्वीकृतियाँ जारी एवं 207 आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया। 136 आवास निर्माणाधीन।
- पीएम स्वनिधि के अन्तर्गत प्रथम ऋण राशि 10 हजार रुपये का 110 पथ विक्रेताओं को ऋण वितरण किया गया। द्वितीय ऋण राशि 20 हजार रुपये का 29 पथ विक्रेताओं को ऋण उपलब्ध कराया गया।
- "श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना" में 3.73 लाख भोजन थाली उपलब्ध कराई गई।








# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग

- डीग में जिला चिकित्सालय के नवीन भवन निर्माण के कार्यादेश जारी।
- कुम्हेर CHC को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत कर नवीन भवन के कार्य हेतु स्वीकृति जारी।
- 40 उपस्वास्थ्य केन्द्रों एवं 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में संचालन प्रारंभ किया गया।
- पूंछरी व रारह में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण कार्य कराया गया।
- 9 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का संचालन सुव्यवस्थित रूप से प्रारम्भ किया गया।
- Type-1 Diabetes से पीड़ित मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने की दृष्टि से जिला चिकित्सालय में Diabetic Clinic स्थापित कर संचालित।
- विभिन्न गंभीर/असाध्य रोगों के उपचार के लिए Day Care Centre भी जिला चिकित्सालय में संचालन प्रारम्भ।
- कुम्हेर और डीग अस्पताल में डायलिसिस सुविधा शुरू कराई गई।
- 1 लाख 35 हजार 863 नागरिकों की आभा आईडी बनाई गई।
- मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAA) के अन्तर्गत 4,172 लाभार्थियों को कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई।
- बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने हेतु किए जाने वाले नियमित टीकाकरण के तहत माह नवम्बर 2025 तक के लक्ष्य 6,926 बच्चों में से 6,035 (87.13%) बच्चों को टीकाकृत किया गया।
- माँ बाउचर योजना के तहत 208 महिलाओं की सोनोग्राफी की गई।
- प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अति जोखिम जनसंख्या (1 लाख 23 हजार 140) की टीबी रोग के लिए 89% स्क्रीनिंग की गई है।






बढ़ता राजस्थान हमारा राजस्थान

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग

- पेयजल योजनाओं पर 26.82 करोड़ रुपये व्यय किए गए।
- जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 6,928 नल कनेक्शन दिए गए।
- 11 नए नलकूप व 34 नए हैंडपंप लगाकर चालू किए गए तथा 4,526 खराब पाए गए हैंडपंपों को सुधार कर पुनः चालू किया गया।

## आयोजना विभाग

- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के अन्तर्गत 61,470 व्यक्तियों का पंजीयन किया गया।
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत 2,40,163 व्यक्तियों का पंजीयन किया गया।
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत 4,160 लाभार्थियों को 7,021.26 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया।

## सांख्यिकी विभाग

- नवीन जिला सांख्यिकी कार्यालय खोला गया एवं कुल 11 नवीन पदों का सृजन किया गया।

## सार्वजनिक निर्माण विभाग

- 100 करोड़ रुपये की लागत से डीग में बाइपास का निर्माण (16 किमी) करवाये जाने हेतु निविदा जारी।
- डीग व कुम्हेर में ₹25 करोड़ की लागत से नवीन मिसिंग लिंक/नॉन पैचेबल/नवीन सड़कों का निर्माण किया गया।





बढ़ता राजस्थान हमारा राजस्थान

# ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग

- पंचायत समिति कुम्हेर के नवीन भवन हेतु ₹2.50 करोड़ स्वीकृत कराए गए।
- लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत 2,456 महिलाएँ एक लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आमदनी कर रही हैं।
- 100 स्वयं सहायता समूहों को 75 लाख रुपये की राशि आजीविका संवर्धन हेतु उपलब्ध कराई गई।
- स्वयं सहायता समूहों को कुल 1,402 लाख रुपये का बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया गया।
- प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण में 1.20 लाख रुपये व्यय किए गए तथा 2 आवासों का निर्माण प्रगतिरत है।
- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में 13 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों (CSC) का निर्माण करवाया गया व 85 गांवों को खुले में शौच से मुक्त बनाया गया।
- स्वामित्व योजनान्तर्गत 152 ग्रामों में ड्रोन सर्वेक्षण कार्य पूर्ण। योजनान्तर्गत 16,113 स्वामित्व कार्ड जारी किए गए।
- मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.0 के तहत 243 कार्यों की स्वीकृतियाँ जारी। 12 कार्य प्रारम्भ। 231 कार्य पूर्ण एवं 5.24 करोड़ रुपये व्यय किए गए।
- विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत 3.62 करोड़ रुपये व्यय कर 64 कार्य पूर्ण कराये गए।
- 05 विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु परिवारों को ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय पट्टे उपलब्ध करवाए गए।
- 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत 296 कार्य पूर्ण, 150 कार्य प्रगति पर एवं 27.90 करोड़ रुपये व्यय किए गए।
- 6वें राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत 398 कार्य पूर्ण, 179 कार्य प्रगति पर एवं 25.58 करोड़ रुपये व्यय किए गए।
- महात्मा गाँधी नरेगा योजनान्तर्गत 6.48 लाख मानव दिवस सृजित हुए, 19 कार्य पूर्ण किए गए तथा 17.54 करोड़ रुपये व्यय किए गए।
- मुख्य आयोजना अधिकारी का नवीन कार्यालय खोलकर 03 नवीन पदों का सृजन किया गया।



# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

- मुख्यमंत्री दिव्यांग स्वरोजगार योजनान्तर्गत 01 लाख रुपये का अनुदान प्रदान कर 02 दिव्यांगों को लाभान्वित किया गया।
- सुखद दाम्पत्य जीवन योजनान्तर्गत 5.50 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान कर 02 दंपत्तियों को लाभान्वित किया गया।
- संयुक्त सहायता, कृत्रिम अंग/उपकरण हेतु अनुदान योजनान्तर्गत 81 दिव्यांगों को 8.44 लाख रुपये का अनुदान दिया गया।
- मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजनान्तर्गत 36 दिव्यांगों को स्कूटियाँ वितरित की गई।
- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अन्तर्गत 108 व्यक्तियों को लाभान्वित कर 46.26 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।
- वृद्धजन पेंशन योजना के अन्तर्गत 32,964 पेंशनरों को 9,493 लाख रुपये की पेंशन राशि प्रदान कर लाभान्वित किया गया।
- एकलनारी पेंशन योजना में 9,892 पेंशनरों को 3,051 लाख रुपये की पेंशन राशि प्रदान कर लाभान्वितकिया गया।
- विशेष योग्यजन पेंशन योजना के अंतर्गत 2,607 पेंशनरों को 751 लाख रुपये की पेंशन राशि प्रदान कर लाभान्वित किया गया।
- पालनहार योजना अंतर्गत 4,813 लाभार्थियों को 1,206 लाख रुपये की राशि खातों में हस्तांतरित कर लाभान्वित किया गया।
- मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अन्तर्गत 212 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया।
- जिला स्तरीय कामकाजी महिला छात्रावास डीग हेतु 358.80 लाख रुपये स्वीकृत किए गए, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- राजकीय सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास डीग के लिए 280 लाख रुपये स्वीकृत किए गए, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- बेघर, निराश्रित, असहाय व्यक्तियों को निःशुल्क आवास एवं भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु डीग में 50 आवासियों की क्षमता वाला स्वयंसिद्धा आश्रम खोला गया। जिसका संचालन स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से किया जा रहा है।









## स्कूल शिक्षा विभाग

- 3,110 पात्र बालिकाओं को साइकिलों का वितरण किया गया।
- राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर द्वारा 991.43 लाख रुपये के निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए।
- कुल 629 विद्यार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया।





## महिला एवं बाल विकास विभाग

- लाडो प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत 1,827 बालिकाओं को प्रथम किश्त के रूप में 45.67 लाख रुपये की राशि हस्तांतरित कर लाभान्वित किया गया।
- 14 आंगनबाड़ी केन्द्रों को आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किए जाने हेतु 23.88 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई।
- समसा के तहत 16 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मरम्मत कार्य करवाए जाने हेतु 34.08 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई।
- वेदांता समूह द्वारा 83 आंगनबाड़ी केन्द्र नन्दघर के रूप में विकसित किए गए।

## आयुर्वेद विभाग

- डीग में पूर्व से संचालित आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी औषधालय/ चिकित्सालय को जिला आयुष चिकित्सालय में क्रमोन्नत किए जाने की स्वीकृति जारी कर संचालन प्रारम्भ।

## आबकारी विभाग

- अनाधिकृत रूप से अन्य राज्यों से आने वाली मदिरा एवं अवैध मदिरा की कशीदगी, भण्डारण एवं परिवहन पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही कर कुल 94 प्रकरण दर्ज कर 82 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। 151.90 लीटर देशी शराब एवं 1475.40 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई।
- मदिरा दुकानों का निरीक्षण कर अनियमितताएँ पाए जाने पर प्रभावी कार्यवाही कर उक्त मदिरा दुकानों के विरुद्ध 14 प्रकरण दर्ज कर 2,48,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया।



## पर्यटन विभाग

- चौरासी–क्रोर्स परिक्रमा मार्ग, कृष्ण गमन पथ–बृज चौरासी परिक्रमा में विभिन्न विकास कार्य हेतु डीपीआर के कार्यादेश जारी।
- गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर स्थित पूँछरी का लौठा को कॉरिडोर के रूप में विकसित करने हेतु ₹250 करोड़ स्वीकृत करते हुए निविदा जारी।
- दत्तात्रेय मंदिर (कुम्हेर) में विकास कार्य किये गये की सहमति प्रदान।

## जल संसाधन विभाग

- 6.25 करोड़ रुपये की लागत से डीग–कुम्हेर–भरतपुर में सामई–खेड़ा डिप्रेशन से गोवर्धन ड्रेन तक पानी लिफ्ट करने के कार्य प्रगति पर।
- गुड़गांव मुख्य नहर की टेल वितरिका एवं इसकी माईनरों का राशि 1,614.14 लाख रुपये से 20 किमी. लम्बाई में जीर्णोद्धार कर, सिंचाई सुविधा मजबूत कर काश्तकारों को सिंचाई हेतु पानी आपूर्ति की गई।
- 1,250 लाख रुपये का कार्य स्वीकृति से टेल वितरिका की टेल को होम्स केनाल से नई ड्रेन निर्माण कर जोड़ा जाएगा, जिससे बदनगढ़ एवं सिनसिनी के आस–पास के क्षेत्रों में नहर के अधिशेष जल से बर्बाद होने वाली फसल को निजात मिलेगी।
- 2,200 लाख रुपये की स्वीकृति से लगभग 26 किमी. में नहरों का जीर्णोद्धार कर, सिंचाई सुविधा मजबूत की गई।
- राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित PKC-ERCP) को 6,100 करोड़ रुपये की लागत से राणा प्रताप सागर बांध–ब्राह्मणी नदी से बीसलपुर बांध में जल अपवर्तन लिंक के कार्य हाथ में लिये जायेंगे तथा इनको आगे बढ़ाते हुए बीसलपुर बांध से बाणगंगा एवं रूपारेल नदी को चरणबद्ध रूप से जोड़े जाने सम्बन्धी कार्य की DPR कार्य प्रगति पर।
- राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती–कालीसिंध–चम्बल एकीकृत ईआरसीपी) को धरातल पर उतारने के लिये प्रथम चरण में रामगढ़ व महलपुर बैराज–बांरा, नवनेरा बैराज से बीसलपुर बांध एवं ईसरदा बांध भरने हेतु आवश्यक कार्यों के लिये 3 पैकेजों में कार्य प्रगति पर।







## परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग

- डीग में बस स्टैण्ड सम्बन्धी विकास कार्य प्रगति पर।

## नागरिक उड्डयन विभाग

- कुम्हेर हवाई पट्टी की मरम्मत, रखरखाव एवं उन्नयन कार्य हेतु 34.78 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी।

## खेल एवं युवा मामले विभाग

- कुम्हेर क्षेत्र के ग्राम सुपावस में खेल स्टेडियम का कार्य प्रगति पर।
- युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु राज्य, संभाग एवं जिला स्तर पर Viksit Bharat Young Leaders Dialogue आयोजित किये जाने के साथ ही, आगामी वर्ष Youth Festival का आयोजन करवाये जाने हेतु सहमति जारी।
- 5 हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में open gym व खेल मैदान बनाये जाने हेतु सहमति प्रदान। 2 खेल मैदान विकसित किये गये।
- डीग में कुश्ती खिलाड़ियों के लिए कुश्ती मैट उपलब्ध कराया गया।

## न्याय एवं विधि विभाग

- डीग में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT) की स्थापना की गई।

## नवीन नियुक्ति:

- विधानसभा क्षेत्र डीग–कुम्हेर में 339 नियमित तथा 78 संविदा नियुक्तियाँ प्रदान की गई।

## विधायक कोष

- विधानसभा क्षेत्र डीग-कुम्हेर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में विधायक कोष से विभिन्न निर्माण/विकास कार्यों हेतु 5 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये।





# उपलब्धियाँ

डॉ. शैलेश सिंह, भरतपुर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष, ओलंपिक संघ - भरतपुर के जिला अध्यक्ष एवं राजस्थान कबड्डी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। वे लगातार भरतपुर ज़िले सहित राजस्थान के खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए प्रयास कर रहे हैं।

बतौर जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष खिलाड़ियों को कबड्डी किट एवं ट्रैक सूट प्रदान करना, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी मेट की सुविधा, खिलाड़ियों को अच्छी कोचिंग एवं रेसलिंग, बॉलीबॉल जैसे खेलों में भी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिये सहायता कर रहे हैं। वे अपने निजी खर्च से भी जरूरतमंद खिलाड़ियों को मदद करते रहे हैं।

डॉ. शैलेश सिंह, शिक्षण जगत में भी सराहनीय काम कर रहे हैं। वर्तमान में उनके द्वारा दौसा में इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज, भरतपुर में नर्सिंग कॉलेज एवं स्कूल संचालित हैं।

ईमानदार और सेवाभावी छवि होने से डॉ. शैलेश सिंह के सर्व समाज के लोगों के साथ अच्छे संबंध हैं। वे युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं, युवाओं में उनकी पहचान शैली भैया के नाम से अधिक है।












के रंग
के संग


नमंत्री महोदय
मंत्री महोदय का
भार
सुविधा का विस्तार









**मेरे डीग-कुम्हेर परिवार के प्रिय सदस्यों,**

आपके आशीर्वाद और समर्थन से आपके जनप्रतिनिधि, आपके विधायक के रूप में मैंने 2 वर्ष पूर्ण किए हैं। इन दोनों वर्षों में मैंने आपके परिवार के सदस्य की तरह आपके कामों को पूर्ण करने का बीड़ा उठाया है। डीग-कुम्हेर विधानसभा में नई सड़कों के निर्माण से लेकर बायपास का निर्माण हो, पशु चिकित्सालयों का क्रमोन्नयन हो, सीएचसी का जिला चिकित्सालय में अपग्रेडेशन हो, डायलिसिस मशीनों की शुरुआत हो अथवा स्कूल-कॉलेजों में शिक्षकों/प्रोफेसर्स की पदस्थापना हो - हर क्षेत्र में कार्यों को आगे बढ़ाया गया है। कुम्हेर-डीग में बायपास, सांवई खेड़ा में लिफ्ट परियोजना, कुम्हेर एवं डीग कस्बे में पीने के पानी की नई पाइपलाइन के लिए अमृत 2 परियोजना को स्वीकृत कराया गया है।

वे काम जो कांग्रेस के कार्यकाल में असंभव प्रतीत होते थे, वे अब संभव हो रहे हैं। गाँव-गाँव में सड़कों का निर्माण हो रहा है, पानी पहुँच रहा है, विद्यालयों में सुविधाएं आ रही हैं, नए आंगनवाड़ी केंद्र खुल रहे हैं।

यह बस शुरुआत है। अभी हमें डीग-कुम्हेर को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है, जिसका सपना स्मृतिशेष डॉ. दिगम्बर सिंह जी ने देखा था।
आइए, हम सभी मिलकर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, कर्मयोगी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में नए डीग-कुम्हेर, नए राजस्थान का निर्माण करें।

## अम्बर से ऊपर जाना है
## नया डीग-कुम्हेर बनाना है



**डॉ. शैलेश दिगम्बर सिंह**
विधायक - डीग कुम्हेर विधानसभा